WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours 5th Semester Examination, 2021-22

HINADSE02T-HINDI (DSE1/2)

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5 = 5

(क) 'बहिष्कृत हितकारिणी सभा' की स्थापना किसने की थी ?

(ख) 'युद्धरत आम आदमी' का संबंध साहित्य की किस विधा से है ?

(ग) 'अ रूम ऑफ वन्स ओन' किसकी कृति है ?

(घ) स्त्री के वयस्क मताधिकार का प्रस्ताव सर्वप्रथम किसने दिया था ?

(ङ) 'आदिवासी जलियांवाला कांड' घटना का वर्णन किस रचना में किया गया है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए – 5×3 = 15

(क) कमल को लगा जैसे अपमान का घना बियाबान जंगल उग आया है। उसका रोम-रोम काँपने लगा। उसने आस-पास खड़े लोगों पर निगाहें डालीं। हिंसक शिकारी तेज नाखूनों से उस पर हमला करने की तैयारी कर रहे थे।

(ख) कहां है मेरा सूरज, कहां है मेरा शीतल पवन, कहां गयी इन्द्रधनुषी छटा, कहां गयी बरसाती फुहारें, कहां है मेरी प्यारी समतल भूरी धरती और कहां है उस धरती पर खिल रहे रंग-बिरंगे नाना प्रजातियों के मेरे फूल ?

(ग) यह वाक्य सदियों से हर जाति, हर भाषा, हर धर्म में बार-बार दुहराया जाता रहा है। पीड़िता को भोगना है। स्त्री के मुँह पर हाथ रखकर बंद कर दिया है। स्त्री चुनौती दे नहीं सकती है।

(घ) यदि चाहते हो शैल शिखर निज पांव में,
चढ़ना होगा तुम्हें हर एक सोपान को !
श्रम, बस अनमोल निधि है जीवन की,
और अधिक दृढ़ करो इसी अहसास को !

(ङ) बस केवल यह रेखा थी
जिसमें बंधकर मैंने दुस्सह प्रतीक्षा की
संभव है आओ तुम
अपने संग अंजलि में भरने को
स्वर्णदान लाओ
इन चरणों से
यह सीमा-रेखा बिलगाओ !

3. अस्मितामूलक विमर्श की संभावनाओं और चुनौतियों पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

दलित साहित्य के सौंदर्यशास्त्र को स्पष्ट करते हुए 'सलाम' कहानी की समीक्षा कीजिए।

4. स्त्री-मुक्ति आंदोलन के संदर्भ में व्यक्त विविध संप्रदायों की वैचारिक मान्यताओं को स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

आदिवासी विमर्श की अवधारणा स्पष्ट करते हुए घटित आंदोलनों की चर्चा कीजिए।

N.B. : *Students have to complete submission of their Answer Scripts through E-mail / Whatsapp to their own respective colleges on the same day / date of examination within 1 hour after end of exam. University / College authorities will not be held responsible for wrong submission (at in proper address). Students are strongly advised not to submit multiple copies of the same answer script.*

——×——